# गौशाला संचालक की पहल को नपा का मिला सहयोग तो दूर होगी सड़कों से गौवंश की समस्या

## सड़कों में गौवंश नवभारत मुहिम से जुड़कर शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को गौवंश से मुक्त कराने गौशाला संचालक ने पहल कर नगरपालिका सीधी को लिखा पत्र, नपा और जनसहयोग के मदद की दरकार

नवभारत मुहिम

**सीधी 28 अगस्त। गौशाला संचालक की पहल को नपा और जनसहयोग मिला तो शहर की सड़कों से गौवंश की समस्या दूर होगी। सड़कों में गौवंश नवभारत मुहिम से जुड़कर शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को गौवंश से मुक्त कराने गौशाला संचालक ने पहल कर नगरपालिका सीधी को पत्र लिखा, जिसमें नपा और जनसहयोग के मदद की दरकार है।**

गौशाला संचालक ग्राम नौढ़िया/डेम्हा पुजेरी लाल मिश्रा ने आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अध्यक्ष नगर पालिका को पत्र देकर नगर पालिका परिषद सीधी क्षेत्र की सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों के गौवंश को उनके गौशाला में भेजने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि मेरे द्वारा शहर की सीमा के समीप ग्राम नौढ़िया एवं डेम्हा में गौशाला संचालित है। दोनो गौशाला में 250-250 गौवंश को रखने की व्यवस्था है। ऐसे में नगर पालिका परिषद सीधी क्षेत्र की सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों में विचरण करने वाले गौवंश से होने वाली दुर्घटनाओं और समस्या को दृष्टिगत रखते हुये नौढ़िया एवं डेम्हा में संचालित गौशाला में गौवंशों को भेजने की व्यवस्था बनाई जाय। यदि पालतू पशु गौशाला में रखे जाते हैं तो उनके पालक वापस ले जाने की स्थिति में उनसे प्रति दिवस 100 रूपये की भरण पोषण राशि ली जावेगी।

शहर के आवारा गौवंशों को व्यवस्थित ठिकाना मुहैया कराने के लिये गौशाला संचालक द्वारा की गई पहल काफी सराहनीय है। नगर पालिका को इस पर अमल करते हुये शहर के 500 आवारा गौवंशों को वहां भेजने की व्यवस्था जल्द से जल्द सुनिश्चित करानी चाहिये। इतनी संख्या में यदि शहर की सड़कों में स्वच्छंद विचरण कर रहे गौवंशों को व्यवस्थित ठिकाना मिल जाता है तो उनके लिये भी यह काफी सुविधाजनक रहेगा। ऐसे गौवंशों का भटकाव खत्म हो जायेगा।

सड़कों में गौवंश : शासन-प्रशासन के लिए चुनौती बनी समस्या के समाधान की उठने लगी आवाज

नवभारत मुहिम "सड़कों में गौवंश" से जुड़कर शहर की सड़कों को गौवंश से मुक्त कराने गौशाला संचालक एवं समाजसेवियों ने प्रशासन के सार्थक सहयोग की अपील की

सड़कों में गौवंश : सिर्फ मुद्दा बनकर रह गया, नहीं थम रही जानलेवा दुर्घटनाएं

गौशाला एवं जन सहयोग से नपा करेगी सार्थक पहल : काजल

शहर के सड़कों के गौवंश गौशाला में रखने को तैयार हैं : पुजेरीलाल

### गौवंश की मौत के मामले के बाद से रुकी कार्रवाई

शहर में आवारा गौवंशों को संरक्षित और सुरक्षित करने की मंशा से पिछले वर्ष नगर पालिका के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। उनके द्वारा सड़कों में मौजूद आवारा गौवंशों को मानस भवन परिसर में एकत्र किया गया था। उक्त गौवंशो को जब गौशाला में ले जाने के लिये वाहन में लोड किया गया तो लापरवाही के चलते 3 गौवंशो की मौत रास्ते में हो गई। जिसके बाद हुये हंगामें के बाद नगर पालिका ने आवारा गौवंशों को गौशाला में भेजने की कार्यवाई ही स्थगित कर दी थी।

### नपा प्रशासन और जनसहयोग मिला तो दूर होगी समस्या : पुजेरीलाल

गौशाला नौढ़िया एवं डेम्हा के संचालक पुजेरी लाल मिश्रा ने चर्चा के दौरान कहा कि उनके द्वारा शहर की सड़कों में मौजूद गौवंशो को अपने गौशालाओं में रखने के लिये नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आज पत्र दिया है। यदि नगर पालिका प्रशासन और जन सहयोग मिला तो शहर के सड़कों में मौजूद गौवंशों को वे अपनी गौशालाओं में रखेंगे। इससे शहरी क्षेत्र में आवारा गौवंशों की समस्या से निजात मिलेगी। वहीं सड़क दुर्घटना के खतरे से यह गौवंश पूरी तरह से सुरक्षित रहेंगे। इस पर जल्द से जल्द अमल होना चाहिये।

### इनका कहना है

गौशाला संचालक नौढ़िया एवं डेम्हा पुजेरीलाल मिश्रा द्वारा शहर के सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों के गौवंश को अपने गौशाला में रखने हेतु आज दिये गये पत्र पर नपाध्यक्ष से चर्चा कर जल्द ही अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

**मिनी अग्रवाल, सीएमओ, नपा सीधी**

# सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल के छात्र संभाग स्तरीय खेल के लिए चयनित

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 28 अगस्त। मध्यप्रदेश शासन द्वारा शालेय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 अगस्त को पुलिस लाइन वुशू हॉल मे किया गया। जिसमें जिले भर से खेल प्रतिभागियों ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में चारो ब्लॉक की टीमे भाग ली और बेहतर प्रदर्शन किया।**

इस अवसर पर सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल के 7 खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अर्जित कर संभाग स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। जिसमे से वुशु अंडर 17 बालक वर्ग-56 किग्रा, आज्ञा तिवारी ग्रेड 11-60 किग्रा, लक्ष्मी द्विवेदी ग्रेड 11-70 किग्रा, तनु सिंह ग्रेड 11 अंडर 19 बालिका वर्ग-65 किग्रा, वैशाली सिंह ग्रेड 11 कुश्ती, अंडर 17 बालक वर्ग-80 किग्रा, आर्यमान सिंह, ग्रेड 8 और अंडर 19 बालिका वर्ग-53 किग्रा, माही सिंह कक्षा-11, 55 किग्रा श्रद्धा पटेल ग्रेड-12 शामिल है। संभाग स्तरीय वुशू और कुश्ती प्रतियोगिता 6 से 7 सितम्बर तक रीवा के स्पोर्टस काम्प्लेक्स मे आयोजित होंगी। जिसमे सिद्धभूमि विद्यालय के खिलाडी अपना प्रदर्शन करेंगे। इस उपलब्धि पर टाटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस के प्रबंध निदेशक इंजी.आर.बी.सिंह, विद्यालय की प्रबंध निदेशिका श्रीमती रचना राजे सिंह, विद्यालय प्राचार्य शाह वी जॉर्ज ने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें प्रेषित की है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। आगामी प्रतियोगिताओं में भी बेहतर एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये शुभकामनायें प्रेषित की है। उपरोक्त उपलब्धि विद्यालय के स्पोटर्स ऑफीसर विष्णु सिंह के मार्गदर्शन में प्राप्त हुई है।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिकारियों के साथ प्रिंसिटिंग बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 28 अगस्त। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर एवं यतीन्द्र कुमार गुरू विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत के मार्गदर्शन में बैठक हुई।**

नेशनल लोक अदालत में भू-अर्जन, नगर पालिका एवं विद्युत विभाग के अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आज एसडीएम, नगर पालिका एवं विद्युत विभाग के अधिकारीगण के साथ जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर भवन में प्रीसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आपसी विवादों के समाधान एवं लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लोक अदालत की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई और अधिक से अधिक मामलों को आपसी सहमति से निस्तारित करने के निर्देश प्रसारित किए गए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे ने सभी संबंधित पक्षों से अपील की है कि वे लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का आपसी समझौते से निस्तारण कर न्याय व्यवस्था को और प्रभावी बनाने में सहयोग प्रदान करें। उक्त बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक, राकेश शुक्ला एसडीएम गोपदबनास, अजीत सिंह बघेल कार्यपालन अभियंता एमपीईबी, विद्युत विभाग से उपस्थित मनबहोर पटेल, सीता प्रसाद पाण्डेय, नगर पालिका से ललोहर प्रसाद आरआई सहित एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, राजेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# कुसमी में प्रचार्यों एवं अधीक्षकों की हुई समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**

**कुसमी 28 अगस्त। सीएम राइज स्कूल परिसर कुसमी में प्राचार्य पी.के.पाण्डेय की अध्यक्षता मे ब्लॉक भर के समस्त प्रचार्यो एवं अधीक्षकों की बैठक सम्पन्न हुई।**

बैठक मे विद्यालयों एवं छात्रावासो के कितने नियमित व कितने दैनिक भोगी कर्मचारी कार्य कर रहे हैं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। प्राचार्य श्री पाण्डेय ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि बैठक मे विद्यालयों में कितने नियमित कर्मचारी, कितने अतिथि शिक्षक, कितने रिक्त पद एवं कितने स्वीकृत पद हैं के साथ ही छात्रावासो में कितने नियमित कर्मचारी कितने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। विद्यालयवार एवं सभी क्रमश: छात्रावासों की जानकारी ली गयी एवं महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गए। उक्त बैठक मे प्रमुख रूप से बीआरसीसी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी, प्राचार्यो में बृजेश कुमार पनिका भदौरा, राजकुमार सिंह कुसमी, सुजीत कुमार सिंह भुईमाड़, अशोक कुमार बैस उमरिया, मनोज मिश्रा पोंडी, दिनेन्द्र प्रताप सिंह जूरी, कृपाल पनाडिया मझिगवां, बबन सिंह लुरुघुटी, बांकेलाल पनिका गुडूआधार, प्राचार्य प्रतिनिधि लखपती सिंह टमसार, शिक्षक श्रवण कुमार मिश्रा, राहुल कुमार सिंह, कमलेश तिवारी, अधीक्षिका सुगनी सिंह, ममता सिंह, कौशिल्या सिंह, उर्मिला सिंह, अधीक्षक कमलेश पाण्डेय, हिमांशु शुक्ला, सुरेन्द्र टांडिया, भुवन सिंह, मोतीलाल सिंह, राममिलन प्रजापति इंद्रलाल अहिरवार, बैजनाथ सिंह सहित अन्य अधीक्षक उपस्थित रहे।

# भाजपा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का फूंका पुतला, लगाया आरोप

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 28 अगस्त। भाजपा सीधी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला फूंका एवं महिलाओं को शराबी बताने वाले बयान पर कड़ा विरोध जताया है। बुधवार को भाजपा कार्यालय सीधी से पैदल चलकर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांधी चौक पहुंचकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला फूंककर विरोध जताया है।**

भाजपा जिलाध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान ने काग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान को महिलाओं और भारतीय संस्कृति का अपमान बताया उन्होंने कांग्रेस पर महिलाओं के प्रति असम्मानजनक रवैये का आरोप लगाया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के इस बयान को प्रदेश की बेटियों व माताओ के साथ-साथ भारतीय संस्कृति का अपमान बताते हुए सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा द्वारा इस बयान की तीखी निंदा की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को शराबी बताने वाले पटवारी को प्रदेश की आधी आबादी कभी माफनहीं करेगी। इस अवसर पर सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि लाड़ली बहनों एवं मातृशक्ति का भाजपा के प्रति बढ़ते विश्वास से कांग्रेस बौखला गई है। इसी बौखलाहट में कांग्रेस नेता कभी महिलाओं को शराबी कहते हैं तो कभी बोरे में बंद करने की धमकी देते हैं। पुतला दहन कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष केके तिवारी, लालचंद गुप्ता, पूर्व नपा अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुन्नू साहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूल मेरे लिए मंदिर के समान है : नीरज शर्मा

## किड्स गणेश के नवीन अत्याधुनिक भवन का हुआ भव्य उद्घाटन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 28 अगस्त। गणेश चतुर्थी के पहले दिन श्री गणेश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पड़रा की शाखा किड्स गणेश प्ले स्कूल की अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नवीन भवन का उद्घाटन भव्य समारोह के बीच किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण लार्ड गणेशा नृत्य ने सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया। मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद शिक्षाविद व अभिभावक इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।**

कार्यक्रम की शुरुआत पूजा हवन समारोह के साथ हुई, जिससे इस शुभ अवसर को आध्यात्मिक आशीर्वाद प्राप्त हुआ। किंडरगार्टन के नन्हे बच्चों द्वारा मनोहारी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात विद्यालय के औपचारिक उद्घाटन की घोषणा की गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में अभिभावक और बच्चे नये परिसर को देखने पहुंचे। मुख्य अतिथि संस्था के निदेशक नीरज शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित व फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्कूल के छात्रों के द्वारा मधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। गणेश स्कूल के प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी ने अतिथिगणों का स्वागत करते हुए कहा कि सर्वसुविधायुक्त भवन होने से बच्चों को शिक्षा की समुचित सुविधा मिल सकेगी। मुख्य अतिथि नीरज शर्मा ने कहा कि किड्स गणेश की नई इमारत बनने की उपलब्धि से मैं आज बहुत गौरवान्वित हूं। यह स्कूल मेरे लिए एक मंदिर के समान है। बच्चों को सभी सुविधाएं देकर उन्हें सफलता के शिखर तक पहुंचाने का हमने दृढ़ निश्चय किया है। उसे हम पूरा अवश्य करेंगे। असिस्टेंट डायरेक्टर अरुण ओझा ने कहा हम इस नए सफर को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हमारा लक्ष्य बच्चों को न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से भी मजबूत बनाना है। प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया कि किड्स गणेश स्कूल में विशाल अत्याधुनिक कक्षाएं अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए है जिसमे खेल आधारित क्षेत्र, प्रारंभिक बाल्यावस्था के अनुसार उपयुक्त शिक्षण सामग्री और प्रशिक्षित कर्मचारियों से सुसज्जित है।

### एक नजर में

#### अटल अंलकरण का आयोजन आज

**सीधी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता धीरज पटेरिया अटल स्मृति यात्रा के अंतर्गत आज सीधी पहुंचेंगे। जहां वो अटल जी के समकालीन, जनसंघ के समय के कार्यकर्ताओं का घर-घर जाकर अटल अलंकरण से सम्मान करेंगे। श्री पटेरिया की यह यात्रा 28 अगस्त से सिंगरौली से शुरू होकर कल सीधी एवं इसके बाद पूरे प्रदेश तक जाएगी। कल इस सम्मान से सम्मानित होने वालो में बलवंत सिंह मड़वा, गंगा सिंह बंजारी, मंगलेश्वर सिंह, यदुनाथ सिंह, सुखेन्द्र द्विवेदी, रामविशाल गुप्ता, हेमंत तिवारी, पृथ्वीराज सिंह खड्डी, भानू सिंह गोड जूरी एवं श्रीमती चंद्रकृपा अवधिया का उनके निवास स्थान जाकर उनका अटल अलंकरण से सम्मान किया जाएगा। अटल यात्रा समिति के सीधी जिले के प्रभारी एड.बद्री मिश्रा ने सभी पार्टीजनों से उक्त कार्यक्रम में पहुंचने और सहभागी बनने की अपील की है।

#### एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तृतीय चरण

**सीधी।** उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठयक्रम संचालित करने वाले शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए तृतीय अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है। जारी समय सारणी के अनुसार, एनसीटीई पाठयक्रमों में प्रवेश में लिए विद्यार्थी 27 से 29 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 27 से 30 अगस्त तक होगा। प्रवेश के लिये मेरिट सूची का प्रकाशन 1 सितम्बर को होगा। विद्यार्थियों के लिए 2 सितम्बर को सीट आवंटन जारी किया जाएगा। आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों (टीसी, माइग्रेशन) के साथ भौतिक सत्यापन के लिए विद्यार्थियों को उपस्थित होकर 2 से 4 सितम्बर तक लिंक इनिशिएट कराना होगा। विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 2 से 6 सितम्बर तक करना होगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 6 सितम्बर है। प्रवेश शुल्क का भुगतान कर चुके आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा। विद्यार्थियों का प्रवेश के लिए यह अन्तिम चरण होगा।

#### बहरी में अखण्ड श्री दुर्गा चालीसा पाठ कल से

**सीधी।** धार्मिक आस्था और भक्ति का अनोखा संगम कल से सीधी जिले के बहरी तहसील अंतर्गत सांड़ा भवन में देखने को मिलेगा। यहां जिला स्तरीय 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 30 अगस्त दिन शनिवार दोपहर 12 बजे से होगा, जबकि समापन 31 अगस्त रविवार को दोपहर 12 बजे होगा। आयोजित इस आयोजन में जिलेभर के श्रद्धालु शामिल होंगे। विशेष रूप से समापन बेला पर 31 अगस्त रविवार को सिद्धाश्रम रत्न सौरभ द्विवेदी अनूप केन्द्रीय महासचिव भगवती मानव कल्याण संगठन का आगमन सुनिश्चित हुआ है। संगठन के कार्यकर्ताओं के बताया कि यह कार्यक्रम सभी जाति, धर्म और समुदाय के लिए है तथा भक्तजन सामूहिक रूप से मां दुर्गा जी की आराधना में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित कर सकेंगे। भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा सीधी, तहसील बहरी के तत्वावधान में हो रहे इस आयोजन के लिए स्थानीय कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। संगठन ने जिले वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने की अपील की है।

### नवोदय विद्यालय में आवेदन सुधार आज तक

**सीधी।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट के प्राचार्य डॉ.डी.के.त्रिपाठी ने बताया कि पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट सीधी में कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा के लिए जिन छात्रों ने आवेदन भरा है यदि कोई सुधार करना चाहते हैं तो पोर्टल के माध्यम से 30 अगस्त तक ऑनलाइन सुधार कर सकते हैं।

# श्री गणेश मंदिर के विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं का उमड़ा हुजूम

## पूजा पार्क स्थित मंदिर में गणेश चतुर्थी पर देर शाम तक चलता विशाल भण्डारा, सांसद एवं विधायक भी भंडारा में हुये शामिल

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 28 अगस्त। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गणेश मंदिर संस्थापक परिवार की ओर से पूजा पार्क में अखंड मानस समापन पश्चात भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया। जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तगण प्रसाद ग्रहण किये।**

इस दौरान सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, पूर्व सांसद सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, कई राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों सहित कई हजार लोगों ने विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण के साथ पूण्य लाभ प्राप्त किये। भंडारे को संपन्न कराने में बसंतलाल केशरवानी, हजारीलाल केसरवानी, जवाहरलाल केसरवानी, भोला प्रसाद केसरवानी, भजनलाल केशरवानी, रोहित, जितेन्द्र, राजेश, दीपक, राकेश, महेन्द्र, वीरेन्द्र, विपिन, विक्रम, राज एवं समस्त केसरवानी परिवार का सहयोग रहा। भंडारे में पुरुष एवं महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था किए गए थे जहां अलग-अलग पंगत बनाए गए थे एवं शांतिपूर्ण ढंग से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम भी थे। भंडारा शुरू होते ही जमकर श्रद्धा का जन सैलाब उमड़ा, बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते रहे, वही गणेश दरबार में पहुंचे और भगवान गणेश के दर्शन कर अपनी और अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। हजारों की तादाद में आए भक्तगण गणपति बप्पा का जयकारा लगाते रहे। जयकारे में पूजा पार्क गूंजयमान रहा। गणेश मंदिर संस्थापक परिवार के सदस्य वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री भोला प्रसाद गुप्ता ने बताया कि गणेश भगवान की स्थापना दिवस पर यह उत्सव और भंडारा किया जाता है जहां पूरे सीधी जिले को निमंत्रित किया जाता है और सभी आए हुए श्रद्धालु भक्तगण प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं।

### नई गल्ला मंडी में गणेश स्थापना के साथ गणेश उत्सव की हुई शुरूआत

शहर के नई गल्ला मंडी पटेल पुल प्रांगण में गणेश चतुर्थी के अवसर पर न्यू गल्ला मंडी उत्सव समिति द्वारा आयोजित गणेशोत्सव का भाव्य शुभारंभ विधि विधान से गणेश जी की मूर्ति स्थापना कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह, विश्वबंधु धर द्विवेदी, पुनीत नारायण शुक्ला, कमल कामदार, सुनीता रानी वर्मा, पंकज पाण्डेय, पुष्पराज सिंह, बृजेश सिंह, श्रीमती रुचि सिंह, महेन्द्र श्रॉफ, मुनिराज विश्वकर्मा, अवधेश वर्मा, समिति के नवयुवक सदस्य मुख्य यजमान शेषमणि गुप्ता, श्रीराम चतुर्वेदी, पूजा कर्ताधर्ता शामिल रहे। प्रथम दिव्य दर्शन 9 बजे आद्या प्रसाद शास्त्री, प्रदीप शुक्ला के मुखारविंद से वैदिक मंत्रोउच्चारण के साथ गणेश वंदना, गणेश आरती हुई। गरबा महोत्सव, हनुमान चालीसा कार्यक्रम हुए। मूर्तिकार श्रीकांत सिंह द्वारा गणेश भगवान को महाराजा का रूप देकर भव्यता प्रदान किये जिसकी बहुत सराहना हुई। गणेश उत्सव में जान डालने में मुख्य रूप से रश्मि रमेश गुप्ता जो हर विधा में शामिल रहते हैं। प्रांगण को डेकोरेशन, पंडाल में मुख्य भूमिका छोटू द्वारा निभाई जा रही है।